तारीख हुक्म	हुक्म या कायवाही इनिशियल जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुये
27.05.2019	उभय पक्ष उपस्थित। अप्रार्थी के विद्वान अभिभाषक ने कथन किया कि प्रकरण में विवादित भूमि से सम्बन्धित एक प्रकरण माननीय न्यायालय अतिरिक्त सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट नम्बर 1 धौलपुर में विचाराधीन था, जिसमें दिनांक 5.10.2018 को दोनों पक्षों में राजीनामा हो चुका है, जो कि माननीय न्यायालय द्वारा तस्दीक किया जाकर शामिल पत्रावली कर लिया गया तथा वास्ते आदेश आगामी तारीख पेशी 08.12.2018 नियत की थी। उक्त राजीनामा की प्रति दिनांक 05.03.2019 को इस प्रकरण में प्रस्तुत की जिस पर न्यायालय द्वारा दिनांक 08.12.2018 में माननीय न्यायालय द्वारा क्या आदेश पारित किये गये थे की जानकारी चाही गई। अप्रार्थी के अभिभाषक ने माननीय अध्यक्ष महोदय लोक अदालत धौलपुर द्वारा पारित आदेश दिनांक 12.01.2019 की प्रति पेश की जिसमें दिनांक 08.12.2018 के बजाय दिनांक 12.01.2019 को पत्रावली लोक अदालत में पेश हुई। जिसमें माननीय अध्यक्ष महोदय लोक अदालत धौलपुर द्वारा यह आदेश पारित किया गया है कि पक्षकारों के मध्य राजीनामा हो चुका है, जो तस्दीक किया जा चुका है। पत्रावली फैसलशुमार होकर वाद तकमील दाखिल दफ्तर हो। उपरोक्त उनवानी प्रकरण में उभयपक्ष के मध्य राजीनामा हो चुका है मुताबिक राजीनामा अप्रार्थी ने नगरपालिका द्वारा कथित निर्माण हटा दिया है और रास्ते में कोई अवरोध नहीं है। अब उभयपक्ष व नगरपालिका के मध्य कोई विवाद शेष नहीं रहा है। ऐसी स्थिति में प्रकरण में आगे कार्यवाही किया जाना अपेक्षित नहीं है। अतः प्रकरण की कार्यवाही इसी स्तर पर समाप्त की जाती है। पत्रावली फैसलशुमार होकर वाद तकमील दाखिल दफ्तर हो। नम्बर से कम हो। नेहा गिरि कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट धौलपुर (राज0)	